# विदेशों में यूपी की ब्रांडिंग करेगी सरकार

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले दर्जन भर देशों में होंगे रोड शो, सीएम योगी खुद भी जाएंगे किसी एक देश के दौरे पर

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। जनवरी 2023 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले प्रदेश के मंत्री विदेश दौरे पर जाएंगे। इस दौरान विभिन्न देशों में इन मंत्रियों का दल यूपी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में रोड शो आयोजित कर प्रदेश में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं की जानकारी देगा। वहां के उद्यमियों और प्रवासी भारतीय में खासतौर पर यूपी के लोगों के साथ प्रदेश के बदले माहौल और भावी कार्ययोजना पर बातचीत की जाएगी। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद भी किसी एक देश के दौरे पर जाएंगे।

POWERING NEW INDIA

मुख्यमंत्री योगी ने प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को नए यूपी की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाला बड़ा अवसर बताया है। फिलहाल जो खाका तैयार किया गया है, उसके मुताबिक एक कैबिनेट मंत्री की टीम में एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और एक राज्यमंत्री शामिल होंगे। इनके साथ अधिकारी भी रहेंगे। गौरतलब है कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सिंगापुर ने फर्स्ट कंट्री पार्टनर बनने की पेशकश की है। इससे पहले वर्ष 2018 के इन्वेस्टर्स समिट में नीदरलैंड, जापान, स्लोवाकिया, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक, मारीशस, थाईलैंड, नेपाल व बेल्जियम कंट्री पार्टनर रहे हैं। इन देशों के साथ ही यूके, यूएसए, कनाडा, यूएई, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, रूस और ऑस्ट्रेलिया में भी रोड शो आयोजित करने की तैयारी है। मंत्रियों का यह दौरा सितंबर से नवंबर के बीच हो सकता है।

### नई पॉलिसी के साथ निवेश को आमंत्रित करेगा यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर करने के लिए नियमों में समयानुकूल बदलाव करने को कहा है। इसके तहत निवेशकों को आकर्षित करने के लिए फूड प्रोसेसिंग, हैंडलूम, पावरलूम, आईटी, बायोफ्यूल, फिल्म एंड मीडिया, पर्यटन, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक इंडस्ट्री, खिलौना निर्माण, नागरिक उड्डयन, हाउसिंग एंड रियल एस्टेट सहित एक दर्जन नई सेक्टरवार पॉलिसी बनाई जा रही है। वहीं लैंडबैंक विस्तार के लिए महानगरों से लेकर गांव तक तैयारी हो रही है।